संपादकीय

# फिर 'आपदा' में 'अवसर'

शासन सिर्फ शक्ति से संचालित नहीं होता। बल्कि उसकी साख भी एक बड़ी चीज होती है। 'भेड़िया आया' वाली कहानी इस सिलसिले में सबको याद रखनी चाहिए। इसलिए कि ऐसा ना हो कि जब सचमुच भेड़िया आए, तब भी ऐसे शोर पर लोग यकीन ही ना करें।

चीन, जापान, दक्षिण कोरिया आदि देशों में कोरोना संक्रमण की आई लहर को देखते हुए ऐसा लगता है कि भारत सरकार ने 'आपदा' में 'अवसर' की अपनी रणनीति को फिर याद किया है। 2020 में कोरोना संक्रमण आते ही सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ चल रहे मशहूर शाहीनबाग आंदोलन से मुक्ति पा ली थी। अब निशाने पर कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा है। वरना, अभी जबकि सरकार ने कोई आम अनिवार्य एडवाइजरी जारी नहीं की है। कहीं भी मास्क पहनना या सोशल डिस्टेंसिंग को जरूरी नहीं बनाया गया है। लेकिन एक भाजपा सांसद की शिकायत पर स्वास्थ्य मंत्री ने यह जरूरी समझा कि राहुल गांधी और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिख कर कोरोना के खतरे से आगाह किया जाए। पत्र में कहा गया कि या तो यात्रा के दौरान कोरोना नियमों का पालन किया जाए या फिर यात्रा रोक दी जाए।

अगर कोरोना लहर का खतरा वास्तविक है, तो सरकार को पूरा अधिकार है कि वह ऐसे परामर्श या आदेश जारी करे। लेकिन अगर ऐसे पत्र सिर्फ सत्ताधारी समूह के लिए असहजता पैदा कर रही किसी राजनीतिक गतिविधि को भेजा जाएगा, तो उस पर जरूर सवाल उठाए जाएंगे। इसके पहले बच्चों के कथित राजनीतिक उपयोग का आरोप लगाते हुए भी संबंधित सरकारी संस्थान ने भारत जोड़ो यात्रा पर शिकंजा कसने की कोशिश की थी। अलग-अलग मसलों पर जो सियासी विवाद खड़े किए गए, वो तो अलग ही हैं। बहरहाल, सरकार, मन्त्रियों और उसकी संस्थाओं को यह अवश्य समझना चाहिए कि ऐसे एकतरफा और राजनीति से प्रेरित महसूस होने वाली उनकी कार्रवाइयों से खुद ही उनकी ही साख कमजोर होती है। उससे सत्ताधारी समूह की समर्थक जमातों में जरूर उत्साह पैदा होता होगा, लेकिन समाज के अन्य हिस्सों में आक्रोश भरी प्रतिक्रिया होती है। यह भी समझने की बात है कि शासन सिर्फ शक्ति से संचालित नहीं होता। बल्कि उसकी साख और प्रतिष्ठा भी एक बड़ी चीज होती है। 'भेड़ियाआया' वाली कहानी इस सिलसिले में सबको याद रखनी चाहिए। इसलिए कि ऐसा ना हो कि जब सचमुच भेड़िया आए, तब भी ऐसे शोर पर लोग यकीन ही ना करें।

# चीन को इंजीनियरिंग सामान का निर्यात नवंबर 2022 में 40 प्रतिशत गिरा, अमेरिका को निर्यात वृद्धि



**नई दिल्ली।** चीन में कोविड19 संक्रमण की नयी लहर और विशेष रूप से यूरोपीय बाजार की कमजोरी के बीच, भारत का इंजीनियरिंग सामान के निर्यात में लगातार पांचवें महीने नवंबर 2022 में सालाना आधार पर गिरावट दिखी।

नवंबर में निम्न तुलनात्मक आधार के प्रभाव से गिरावट की गति केवल 0.30 प्रतिशत तक सीमित दिखी है पर इस दौरान चीन को किए गए निर्यात में 40 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गयी।

भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार देश से इंजीनियरिंग सामानों का निर्यात नवंबर 2022 में 0.30 प्रतिशत गिरकर 8.07 अरब डॉलर रहा जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 8.10 अरब डालर था। देश के कुल वाणिज्यिक निर्यात में इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात करीब एक चौथाई है।

अप्रैल-नवंबर 2022-23 के दौरान इंजीनियरिंग निर्यात पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में 1.8 प्रतिशत घटकर 70.72 अरब डॉलर रहा।

ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष अरुणकुमार गरोडिया ने कहा , पिछले वित्त वर्ष में कोविड19 के बाद निर्यात में रिकार्ड सुधार के बाद से, वैश्विक मांग ने फिर से गिरावट की प्रवृत्ति है और निर्यात में गिरावट चालू वित्त वर्ष में संकट के संकेत के रूप में दिख रही है। गत फरवरी से यूक्रेन-रूस संघर्ष के बाद ईंधन की कीमतें ऊंची होने से यूरोप में विनिर्माण गतिविधियां प्रभावित हुई है। इसी तरह भारत के सबसे बड़े व्यापारिक भागीदारों में से एक चीन कोविड के मामलों में वृद्धि और रियल एस्टेट बाजार के संकट से जूझ रहा है।

चीन को भारत से इंजीनियरिंग निर्यात नवंबर 2021 में 43.96 करोड़ डॉलर की तुलना में इस साल नवंबर में 40 प्रतिशत कम हो कर 26.36 करोड़ डॉलर रहा। अप्रैल-नवंबर 2022 में चीन को इंजीनियरिंग निर्यात सालाना आधार पर 58.2 प्रतिशत गिरकर 1.74 अरब डॉलर रहा। पिछले वर्ष की इसी अवधि में चीन को निर्यात 4.18 अरब डॉलर था।

इस बार नवंबर में अमेरिका को इंजीनियरिंग सामानों का पिछले साल इसी माह से 14 प्रतिशत बढक़र 1.47 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर अवधि के दौरान वहां को निर्यात 21.5 प्रतिशत बढक़र 12.85 अरब डालर रहा।

इसी तरह यूरोपीय बाजार को निर्यात नवंबर 2022 के दौरान सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गयी।

# गूगल की पिक्सल फोन की तीन साल की योजना लीक




**सैन फ्रांसिस्को ।** टेक दिग्गज गूगल के 2023 से 2025 के लिए पिक्सल स्मार्टफोन लाइनअप की योजना लीक हो गई है। एंड्रॉइड अथॉरिटी की रिपोर्ट के अनुसार, एक गुमनाम लेकिन भरोसेमंद स्रोत ने 2023, 2024 और 2025 में पिक्सेल श्रृंखला के साथ प्रमुख बदलावों का खुलासा किया। सूत्र ने दावा किया कि जहां योजना के कुछ पहलुओं की जानकारी है, वहीं अन्य अभी भी हवा में हैं।

स्रोत ने पुष्टि की कि दो पिक्सेल फोन 'लिंक्स' और 'फेलिक्स' कोडनाम से अप्रैल या मई में कंपनी के वार्षिक डेवलपर सम्मेलन के आसपास लॉन्च होंगे।

सूत्र ने कहा कि कंपनी ए सीरीज स्मार्टफोन्स के वार्षिक लॉन्च से दूर जाने और इसके बजाय द्विवार्षिक लॉन्चिंग पर विचार कर रही है।

कंपनी की अपनी पिक्सल 9 सीरिज 2024 में लॉन्च करने की संभावना है।

कंपनी 2024 में फॉलो-अप फोल्डेबल लॉन्च करने की भी योजना बना रही है।


2025 के बारे में बात करते हुए सूत्र ने कहा कि गूगल अपने पिक्सेल लाइनअप के लिए कई विकल्पों पर विचार कर रहा है, जो 2023 और 2024 की योजनाओं की सफलता या विफलता से प्रभावित होगा।

गैलेक्सी फ्लिप सीरीज को टक्कर देने के लिए गूगल 2025 में एक फ्लिप-स्टाइल फोल्डेबल स्मार्टफोन लॉन्च करने पर भी विचार कर रहा है।

# टिकट डाउनग्रेड होने पर यात्रा न करने वालों को सुविधाएं दिलाने की तैयारी

**नई दिल्ली ।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि टिकट डाउनग्रेड होने से प्रभावित हवाई यात्रियों के अधिकारों की रक्षा के लिए नागर विमानन महानिदेशालय अपने प्रावधानों में संशोधन करेगा। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अतर्देशीय और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर हवाई सेवाओं के तेजी से रहे विस्तार और यात्री यातायात की संख्या में हो रही वृद्धि के बीच कभी-कभी एयरलाइंस यात्री टिकटों को डाउनग्रेड (श्रेणी गिराने का निर्णय) कर देती हैं। ऐसे में प्रथम श्रेणी, बिजनेस क्लास या प्रीमियम इकोनॉमी में टिकट बुक कराने वालों को चेक-इन के समय विभिन्न कारणों जैसे निम्न श्रेणी में कर दिया गया होता है। बयान के अनुसार ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) यात्रियों को बोर्डिंग से वंचित करने , उड़ानों को रद्द करने और उड़ानों में देरी के कारण एयरलाइनों द्वारा यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं से संबंधित नियमों में संशोधन की तैयारी में है ताकि टिकटों की डाउनग्रेड से प्रभावित हवाई यात्रियों के अधिकारों की रक्षा की जा सके।

# शेयर बाजार में हाहाकार, 3 दिनों में निवेशकों को लगी 13.5 लाख करोड़ की चपत



**मुंबई।** केंद्रीय बैंकों के महंगाई नियंत्रित करने के लिए ब्याज दर में बढ़ोतरी के संकेत से एशियाई बाजारों में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों स्थानीय स्तर पर की गई चौतरफा बिकवाली से मानक सूचकांकों के डेढ़ प्रतिशत से अधिक लुढक़ने से आज शेयर बाजार में हाहाकार मच गया।

अगर हम पिछले 3 सेशन्स की बात करें तो निवेशकों ने 13.5 लाख करोड़ रुपये का झटका झेला है। इन तीन दिनों में सेंसेक्स 2,000 अंकों से अधिक गिर चुका है तो निफ्टी50 में 600 से ज्यादा अंकों की गिरावट आई है। आज, सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन, शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही सूचकांक डेढ़ फीसदी से अधिक गिरकर कारोबार कर रहे हैं। ऐसे में निवेशक भयभीत हैं और बाजार लगातार गिरता जा रहा है। सभी सेक्टर लाल निशान में हैं।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 980.93 अंक यानी 1.61 प्रतिशत का गोता लगाकर करीब दो माह के निचले स्तर 60 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 59845.29 अंक पर आ गया। इससे पूर्व यह 28 अक्टूबर को 59959.85 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 320.55 अंक अर्थात 1.77 प्रतिशत लुढक़कर 18 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 17806.80 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3655 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3115 में बिकवाली जबकि 472 में लिवाली हुई वहीं 68 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 47 कंपनियां लाल जबकि शेष तीन हरे निशान पर रही।

केंद्रीय बैंकों ने अभी भी महंगाई के स्तर को चिंताजनक बताया है। इससे आगे भी ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना प्रबल मानी जा रही है। इससे एशियाई बाजारों में गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान जापान का निक्केई 1.03, हांगकांग का हैंगसेंग 0.44 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.28 प्रतिशत गिर गया। हालांकि यूरोपीय बाजार में तेजी का रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.24 और जर्मनी का डैक्स 0.40 प्रतिशत चढ़ गया।

# रॉय दम्पिति ने अपने शेयर अडानी को बचने की घोषणा की

**नई दिल्ली ।** नई दिल्ली टेलीविजन लिमिटेड (एनडीटीवी) ने संस्थापक प्रणव रॉय और राधिका रॉय ने कंपनी में अपने अधिकांश शेयर गौतम अडानी के स्वामित्व वाली एएमजी मीडिया नेटवर्क को बेचने की घोषणा की।

बीएसई और एमएसई शेयर बाजारों को दी गई सूचना और एक प्रेस विज्ञप्ति में रॉय दम्पति ने कहा है कि वे यह देखते हुए कि एनडीटीवी के एएमजी मीडिया नेटवर्क द्वारा हाल में लाये गये खुले प्रस्ताव (ओपन ऑफर) के बाद अडानी समूह की यह कंपनी एनडीटीवी की सबसे बड़ी कंपनी शेयर धारक बन गई है और उसके बाद हमने आपसी सहमति से एनडीटीवी के अधिकांश शेयर एएमजी मीडिया नेटवर्क को बेचने का निर्णय किया है।

रॉय दम्पति ने आज यहां जारी संयुक्त बयान में कहा है कि उन्होंने 1988 में इस विश्वास के साथ यह समाचार चैनल शुरु किया था कि भारत में पत्रकारिता विश्व स्तर की है। उन्होंने कहा कि खुले ऑफर के बाद गौतम अडानी के साथ हमारी बातचीत रचनात्मक रही और उन्होंने सुझावों को सकारात्मक भाव और खुले मन से स्वीकार किया है। अडानी ने एक ऐसे ब्रांड में निवेश किया है जो भरोसे, विश्वसनीयता और स्वतंत्रता का पर्याय है और उम्मीद करते है कि वह इन मूल्यों की रक्षा करेंगे और अपनी प्रतिष्ठा अनुसान उसका विस्तार करेंगे।

शेयर बाजारों को दी गई सूचना के आधार पर अडानी समूह को श्री प्रणव रॉय और श्रीमती राधिका रॉय द्वारा क्रमश: 15.94 और 16.32 प्रतिशत कुल मिलाकर (32.26) प्रतिशत शेयर बेचे जायेंगे। यह सौदा 30 दिसंबर या उसके बाद एक या एक अधिक किस्तों में सेबी के नियमों के तहत निपटाया जायेगा। इसके बाद अडानी समूह की एनडीटीवी में हिस्सेदारी 37.45 से बढक़र 64.71 प्रतिशत हो जायेगी और रॉय दम्पति के पास पांच प्रतिशत से शेयर रह जायेंगे।

उल्लेखनीय है कि अडानी ने एनडीटीवी को खरीदने की घोषणा अगस्त में की थी और उसके बाद उन्होंने शेयरों के लिए बाजार में खुली पेशकश की थी। इस पेशकश में 8.3 प्रतिशत शेयर अधिग्रहित किये थे। इससे पहले एनडीटीवी की प्रवर्तक कंपनी आरआरपीआर होल्डिंग ने अडानी समूह की कंपनी विश्वप्रधान कमर्शियल होल्डिंग को अपनी 99.5 प्रतिशत हिस्सेदारी 28 नवंबर को हस्तांतरित की थी और इस सौदे के आधार पर एनडीटीवी के 19.18 प्रतिशत शेयर अडानी समूह के पास चले गये थे।

# ग्रेटर नोएडा में 13 से 18 जनवरी तक होगा ऑटो एक्सपो-मोटर शो-2023

**जयपुर ।** देश के ऑटोमोबाइल उद्योग की सबसे बड़ी द्विवर्षीय प्रदर्शनी द ऑटो एक्सपो-मोटर शो-2023 का आयोजन अगले वर्ष 13 से 18 जनवरी उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में किया जायेगा।

सोसाइटी ऑफ़ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के महानिदेशक राजेश मेनन ने आज यहां प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी देते हुए बताया कि इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 12 जनवरी को होगा। उन्होंने बताया कि 13 जनवरी विशेष रूप से केवल व्यवसाय के लिए होगा और इसके बाद 14 से 18 जनवरी तक आम लोग प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकेंगे हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी के इस 16वें संस्करण की थीम 'गतिशीलता की दुनिया की खोज' (एक्स्प्लोर द वर्ल्ड ऑफ़ मोबिलिटी) है। यह थीम उद्योग की एक ज्यादा सुरक्षित, स्वच्छ, हरे-भरे और जुड़े हुए भविष्य के लिए पर्यावरण के अनुकूल दूरदर्शी सबसे अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के दृष्टिकोण से मेल खाती है। यह प्रदर्शनी दर्शकों को बदलते और क्रमिक रूप से विकसित होते मोबिलिटी इकोसिस्टम की समझ प्रदान करेगी और भविष्य के लिए तत्पर नए-नए तथा बेहतर समाधान पेश करेगी।

उन्होंने कहा कि उद्योग का लक्ष्य इस साल ऑटो एक्सपो में दर्शकों को एक नया आयाम और अनुभव प्रदान करना है जिससे कि वे आसानी से पर्यावरण के अनुकूल भारतीय मोबिलिटी की दुनिया को एक्स्प्लोर कर सकें। ऑटो एक्सपो 2023 कंपनियों को नई पीढ़ी की विद्युतीकृत तकनीकों में प्रगति प्रदर्शित करने का मंच प्रदान कर रहा है। यहाँ उपभोक्ता को कार्बन-अनुकूल, सुरक्षित और संयुक्त गतिशीलता के रूपांतरण के लिए ऑटो उद्योग किस प्रकार तैयार हो रहा है, इसका अनुभव प्राप्त होगा। एथनॉल पर भी विशेष फोकस होगा। आगामी ऑटो शो के बारे में पहले ही से काफी उत्तेजना और अपेक्षाओं का माहौल बना हुआ है। हमें उम्मीद है कि ऑटो प्रशंसकों के लिए अपने प्रदर्शकों के सहयोग से हम एक शानदार प्रदर्शनी आयोजित कर सकेंगे।

# ओमकारा का रीमेक और देसी बॉयज का बनेगा सीक्वल



बॉलीवुड में कई फिल्मों के रीमेक और सीक्वल की लाइन लगी हुई है। कई लोकप्रिय फिल्मों के सीक्वल की घोषणा हो चुकी है। ऐसी ही एक घोषणा गुरुवार को फिल्म प्रोड्यूसर आनंद पंडित ने की है। हालांकि, प्रशंसक इन नई घोषणा से खुश नहीं हैं। गुरुवार को आनंद ने चर्चित फिल्म ओमकारा के रीमेक का ऐलान किया। वहीं उन्होंने अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम की फिल्म देसी बॉयज के सीक्वल का भी ऐलान किया है।

इन फिल्मों के लिए आनंद पंडित ने इरोज इंटरनैशनल के साथ हाथ मिलाया है।

खबर के मुताबिक आनंद ने अपने बयान में कहा, ओमकारा और देसी बॉयज, स्टोरीटेलिंग, स्टारकास्ट और संगीत के मामले में अपने-अपने समय की यादगार फिल्में हैं। अलग-अलग वजहों से इन दोनों फिल्मों का अपना प्रशंसकवर्ग है। यह बिल्कुल सही समय है कि इन दोनों हिट फिल्मों को नए दर्शकों के लिए नए तरीके से बनाया जाए।

इरोज इंटरनैशनल के चेयरमैन सुनील लुल्ला ने भी इस साझेदारी पर अपनी उत्सुकता जताई। उन्होंने कहा, हम अकसर सोचते हैं कि हमारे पसंदीदा फिल्मी किरदारों के साथ क्या हुआ। क्या उनका सफर उन्हें किसी आश्चर्यजनक रास्ते पर ले गया? ये फिल्में ऐसे कई सवालों के जवाब देंगी। हम साथ काम करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे की इन फिल्मों की वास्तविकता भी बनी रहे और उसमें नई ऊर्जा भी शामिल हो।

इस घोषणा पर दर्शकों की मिलीजुली प्रतिक्रिया आई है।

# कैटरीना कैफ की फोन भूत अमेजन प्राइम वीडियो पर हुई प्रसारित



अभिनेत्री कैटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी की फोन भूत सिनेमाघरों में दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई। यह हॉरर कॉमेडी 4 नवंबर को बड़े पर्दे पर आई थी। मेकर्स ने फिल्म को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रसारित कर दिया है। हालांकि, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने इसे रेंट सर्विस पर लोगों के लिए उपलब्ध कराया है। फिल्म को ऑनलाइन देखने के लिए दर्शकों को 199 रुपये का भुगतान करना होगा।

अमेजन प्राइम ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म की स्ट्रीमिंग की घोषणा की है। रेंट पर फिल्म स्ट्रीम होने का मतलब है कि रेगुलर सब्सक्राइबर्स भी इस फिल्म को मुफ्त में नहीं देख पाएंगे।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज रचनात्मक ऊर्जा से भरा महसूस करेंगे। आप जिस काम को काफी दिनों से टाल रहे हैं, उस अधूरे काम को आज पूरा करने के लिये भी समय मिलेगा।

***वृष :*** स्वभाव में उग्रता और वाणी में संयम रखें। शारीरिक शिथिलता और मानसिक चिंता से आपका मन व्यग्र रहेगा। छात्र आज जिस भी काम को पूरे मन से करेंगे, सफलता जरूर मिलेगी।

***मिथुन :*** आज आपको व्यापार-सम्बंधित कार्यों में लाभ होगा। उगाही, प्रवास, आय आदि के लिए अच्छा दिन है। सरकार तथा मित्रों, सम्बंधियो से लाभ होगा। उनसे भेंट-उपहार मिलने से आनंद होगा।

***कर्क :*** आज कारोबार में स्थिति अच्छी रहेगी। आज आप बेहतर मुनाफा ले पाएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले बेहतर होगी। आज सामाजिक कार्यों में बड़ा योगदान देंगे। इससे मान-सम्मान में वृद्धि होगी। राजकीय सहयोग से काम आसान होंगे।

***सिंह :*** आपका आज का दिन मिश्र फलदायी है। शारीरिक रूप से आपको अस्वस्थता का अनुभव होगा। फिर भी आप मानसिकरूप से स्वस्थ रहेंगे। शरीर में स्फूर्ति कम रहने के कारण कार्य करने का उत्साह कम रहेगा।

***कन्या :*** आप व्यवस्थित रूप से आर्थिक योजना बना सकेंगे। आपकी सृजनात्मक शक्ति आज श्रेष्ठ रहेगी। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ अनुभव करेंगे। आज कोई व्यक्ति आपके करियर को नई दिशा देने में मददगार साबित होगा।

***तुला :*** परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। वाक्माधुर्य से आप अपना निर्धारित कार्य कर सकेंगे। आरोग्य अच्छा रहेगा। आज आपके अंदर नई उर्जा का संचार होगा। आज आप अपनी बुद्धि और कौशल से बड़ी से बड़ी समस्या का हल निकाल लेंगे।

***वृश्चिक :*** आज का दिन सुख-शांतिपूर्वक बीतेगा। अपने सहोदर के साथ सम्बंधों में निकटता का अनुभव आप करेंगे, उनका साथ भी आपको मिलेगा। आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। आज आपकी पदोन्नति पर मुहर भी लग जायेगी।

***धनु :*** आज परिवार में किसी से चल रहा मन-मुटाव खत्म हो जायेगा। आज आप दूसरों से बात करते वक्त संतुलित विचार रखें। किसी के बारे में चर्चा करना आपको हानि पहुंचा सकता है।

***मकर :*** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। कारोबार में धनलाभ का योग बन रहा है। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपके कामों को असफल करने के शत्रु पक्ष के प्रयास असफल रहेंगे। आप आसानी से अपने काम पूरे कर लेंगे।

***कुंभ :*** आपका आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपके सीधेपन का दूसरे फायदा उठा सकते हैं। आज ऑफिस में काम का बोझ बढ़ सकता है। सीनियर्स का दबाव रहेगा। आज अधूरे कार्य पूर्ण होंगे।

***मीन :*** आज धन लाभ का योग है। ऑफिस में आज आपके काम से बॉस खुश रहेंगे। लवमेट के लिये आज का दिन काफी अच्छा है। आज आपका आकर्षक व्यक्तित्व सभी को आकर्षित करेगा।

# ब्रोकली टिक्का



अगर आप आने वाले क्रिसमस और न्यू ईयर के लिए घर में पार्टी की प्लानिंग कर रहे हैं और मेहमानों को कुछ अच्छा खिलाने की सोच रहे हैं, तो ब्रोकली टिक्का है बढ़िया ऑप्शन।

## सामग्री :

दही-1/2 कप, बेसन- 1 टेबलस्पून, अदरक-लहुसन पेस्ट- 1 टेबलस्पून, हल्दी पाउडर- 1/4 टीस्पून, कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून, जीरा पाउडर- 1/2 टीस्पून, चाट मसाला पाउडर- 1 टीस्पून, गरम मसाला- 1/2 टीस्पून, कसूरी मेथी- 1 टीस्पून, नींबू का रस- 1 टीस्पून, तेल- 1 टेबलस्पून, नमक- स्वादानुसार। **अन्य सामग्री-** ब्रोकली- 300 ग्राम] गॉर्निशिंग के लिए] नींबू के टुकड़े, प्याज गोल-गोल कटे हुए, चाट मसाला बुरकने के लिए, हरी चटनी

## विधि :

- ब्रोकली को समान आकार में काट लें। एक पैन में पानी और नमक डालकर उबलने दें और फिर इसमें ब्रोकली डालकर लगभग 1 मिनट तक पकाएं। इसके बाद तुरंत इसे बर्फ वाले पानी में निकालकर डाल लें। इससे ब्रोकली का रंग नहीं बदलेगा। हल्का ठंडा हो जाए तो इसे किचन टॉवेल पर निकालकर रख दें जिससे एक्स्ट्रा पानी सूख जाए। एक बड़े बाउल में दही, बेसन, अदरक-लहसुन पेस्ट, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, गरम मसाला, चाट मसाला, कसूरी मेथी, नींबू का रस, नमक, तेल सारी चीज़ों को एक साथ मिला लें। इसके बाद इसमें ब्रोकली डालें और हल्के हाथों से इसके मिक्स कर लें जिससे सारी चीज़ें मिल जाएं। इसके बाद बाउल को 15-20 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। एयर फ्रायर को 180 डिग्री सेल्सियस प्रीहीट होने के लिए रख दें। इसके बाद एयर फ्रायर बास्केट में ब्रोकली डालें। ब्रश से हल्का तेल ऊपर से लगा दें। 8-10 मिनट तक इसे क्रिस्पी और सुनहरा होने तक पकने दें। सर्विंग प्लेट में ब्रोकली, नींबू के टुकड़े, प्याज के छल्ले और हरी चटनी के साथ सर्व करें। ब्रोकली के ऊपर चाट मसाला बुरकना न भूलें।

# शब्द सामर्थ्य- 291

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | | | 6 | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 290 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

# सू-दोकू- 291

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[illegible] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.290 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |